कार्यालय नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)

फा.क./स्था./एक/सा.प्र./भर्ती/2013 4552 कोरबा दिनांक 29/5/2013

सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर के पत्र क्र. 821–22/8308/2012/18 रायपुर दिनांक 06.02.2013 एवं नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 58 एवं छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 94 (4) के अंतर्गत सीधी भर्ती के बैकलाग रिक्त पदो की पूर्ति के लिए उम्मीदवारों से दिनांक 12.06.2013 तक संलग्न प्रारूप परिशिष्ठ 'अ' में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र इस कार्यालय में रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट डाक से (लिफाफा के उपर पदनाम अंकित हो) स्वीकार किया जावेगा। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

क.	पदनाम	वेतनमान	रिक्त पदों की	आरक्षण	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताएं
1	ग्रंथपाल	9300–34800 ग्रेड पे 4200	01	अ.ज.जा	1) मान्यता प्राप्त मण्डल/विश्वविद्यालय से पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण अथवा उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण साथ ही पुस्तकालय में कार्य करने का दो वर्ष का कार्यानुभव।
					2) इस प्रयोजन के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग या अन्य एजेन्सी द्वारा संचालित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में अर्हित होना चाहिए।
					3) पुस्तकालय विज्ञान/सूचना विज्ञान/प्रलेखन में कम से कम 55 प्रतिशत अंको सहित स्नातकोत्तर उपाधि अथवा उसके समतुल्य व्यवसायिक उपाधि या उसके समतुल्य सी.जी.पी.ए एवं निरंतर अच्छा अकादमिक रिकार्ड, पुस्तकालय के कम्प्युटरीकरण का अनुभव।
2.	स्वच्छता निरीक्षक	5200–20200 ग्रेड पे 2800	01	अ.ज.जा	मान्यता प्राप्त विश्वविद्याल से बी.एस.सी. बायोलॉजी उत्तीर्ण तथा मान्यता संस्था से स्वच्छता निरीक्षक का डिप्लोमा
			01	अनारक्षित	
3.	सर्वेयर	5200–20200 ग्रेड पे 2200	01	अ.ज.जा	हायर सेकेण्डरी एवं मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से सर्वेयर में डिप्लोमा।
4.	स्टेनो टायपिस्ट	5200–20200 ग्रेड पे 1900	01	अनारक्षित	हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण, हिन्दी/अंग्रेजी मुद्रलेखन तथा शीघ्रलेखन मान्यता प्राप्त संस्था से उत्तीर्ण, मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा

नियुक्ति की सामान्य शर्तें –

1. रिक्त पद की पूर्ति के मामले में छ.ग. नगर पालिक निगम (अधिकारी तथा सेवकों की नियुक्ति तथा सेवा शर्तें) नियम 2007 एवं छ.ग. नगर पालिका कर्मचारी (भर्ती तथा सेवा शर्ते) नियम 1968 तथा इस सबंध में राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी आदेश लागू होंगे।
2. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ ग्रंथपाल एवं स्वच्छता निरीक्षक पद हेतु 500/– एवं सर्वेयर तथा स्टेनो टायपिस्ट हेतु 300/– का राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी बैंक ड्राफ्ट आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा के नाम से देय संलग्न करना अनिवार्य होगा। आरक्षित वर्गो के आवेदक निर्धारित आवेदन शुल्क का 50 प्रतिशत का बैंक ड्राफ्ट आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेंगे, बिना आवेदन शुल्क के आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।
3. सीधी भर्ती के मामले में अभ्यर्थी की न्यूनतम तथा अधिकतम आयु राज्य सरकार के नियत अनुसार होगी साथ ही उच्चतर आयु सीमा में शिथिलिकरण वैसा ही होगा जैसा कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी सेवा के लिए नियत है।
4. रोजगार कार्यालय का पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक उल्लेखित करना तथा प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. आवेदक को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है, प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।
6. आवेदक द्वारा निर्धारित शैक्षणिक अर्हताओं की सत्यापित अंकसूची छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. अजा/अजजा/अ.पि.वर्ग के उम्मिदवार अपना जाति प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित तथा जाति के संबंध में आदिम जाति अनुसंधान विभाग (छानबीन समिति) द्वारा सत्यापित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. किसी भी आवेदन पत्र को मान्य/अमान्य करने तथा पदों में कमी अथवा वृद्धि संबंधी समस्त अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा के पास सुरक्षित रहेंगे। किसी भी विवाद की स्थिति में आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा का निर्णय सर्वमान्य तथा बंधनकारी होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

आवेदन का प्रारूप (परिशिष्ठ अ)

प्रति,

आयुक्त
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

राजपत्रित
अधिकारी द्वारा
अभिप्रमाणित
पासपोर्ट साईज
फोटो

आवेदित पद का नाम ....

1. आवेदक का पूरा नाम : ....
2. पिता/पति का नाम : ....
3. जन्म तिथि (अंको में) : दिनांक .... माह .... वर्ष ....
   (शब्दों में) : ....
   जाति वर्ग (समान्य/अजा/अजजा/अपिवर्ग) : ....
4. राष्ट्रीयता : ....
5. स्थायी पता : ....
6. पत्र व्यवहार का पता : ....
7. रोजगार कार्यालय का नाम पंजीयन क्र./दिनांक : ....
8. शैक्षणिक योग्यता का विवरण

क्र.	परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/वि.वि.का नाम	श्रेणी	प्राप्तांको का प्रतिात

9. कार्यानुभव

क्र.	कार्य का नाम	कार्यालय का नाम	कार्यावधि

10. बैंक ड्राफ्ट क्र .... दिनांक .... रूपये .... बैंक का नाम ....
11. संलग्न किये गये सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची

आवेदक के हस्ताक्षर

घोषणा–पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में प्रस्तुत जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है, कोई भी जानकारी असत्य होने की दषा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं चयन के दौरान भी मेरी नियुक्ति बिना सूचना के समाप्त की जा सकेगी।

स्थान ....
दिनांक ....

आवेदक के हस्ताक्षर